
C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:22 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:55 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 78 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 11 सितम्बर 2026

केनिशा के साथ सहयोग के बाद...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### तप्त कुंड में स्नान के समय राजस्थान की दो बुजुर्ग महिला यात्रियों की मौत

**चमोली।** बदरीनाथ धाम के तप्त कुंड में स्नान करते समय आज दो बुजुर्ग महिला यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रेमा देवी(63) पत्नी मदन और रामू देवी(71) पत्नी अमर के रूप में हुई है। दोनों राजस्थान की रहने वाली थीं। थाना प्रभारी महादेव उनियाल ने बताया कि यह हादसा आज सुबह करीब 5 बजे हुआ, जब दोनों महिलाएं तप्त कुंड में स्नान कर रही थीं। दोनों कुंड के अंदर बेहोश हालत में मिलीं। जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने दोनों महिलाओं को मृत घोषित कर दिया।

### डेढ़ घंटे हाईवे पर तड़पता रहा रहीम, मदद की जगह बनती रही वीडियो

**हल्द्वानी।** मोतीनगर चौराहे के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार बाइक को गलत दिशा से आ रहे पिकअप वाहन ने ऐसी टक्कर मारी कि 28 वर्षीय रहीम खान गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। सड़क पर खून से लथपथ जिंदगी और मौत से जूझते रहे रहीम को समय पर मदद नहीं मिली। आरोप है कि मौके पर मौजूद लोग मदद के लिए हाथ बढ़ाने के बजाय उसका वीडियो बनाते रहे। करीब डेढ़ घंटे तक हाईवे पर तड़पने के बाद जब पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और शुक्रवार को परिजनों को सौंप दिया। शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक लालकुआं के सुभाष नगर निवासी रहीम खान मोटर मिस्त्री था। गुरुवार रात वह बाइक से जा रहा था। मोतीनगर चौराहे के पास कट पार करते समय गलत दिशा से आ रहे पिकअप वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रहीम सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

## रुद्रप्रयाग: चीरबासा के पास मलबा आने से केदारनाथ पैदल मार्ग बंद

चमोली

हमारे संवाददाता

केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा हेलीपैड के समीप पहाड़ी से मलबा और पत्थर आने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए गौरीकुंड से केदारनाथ धाम की ओर पैदल आवाजाही रोक दी गई। यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह राजवार ने बताया कि चीरबासा के समीप मलबा आने के बाद डीडीएमए की टीम मार्ग से मलबा और पत्थर हटाने में जुटी है। मार्ग की स्थिति सामान्य होने के बाद ही यात्रियों की आवाजाही शुरू



की जाएगी। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें लगातार मौके की स्थिति पर नजर रख रही हैं।

वहीं, जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से संबंधित टीमों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। मार्ग सुचारू होने और केदारनाथ यात्रा दोबारा शुरू किए जाने के संबंध में अलग से सूचना जारी की जाएगी।

## दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी ने बढ़ाई उमस

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मौसम का मिजाज बदला बदला नजर आ रहा है। दिल्ली में खासकर दक्षिण दिल्ली में अभी हल्की बारिश हुई है, उसके बाद जबरदस्त उमस हो गई है। इससे लोगों में बेचैनी देखी जा रही है। सुबह से ही कई इलाकों में आसमान में बादल देखे गए थे। मौसम विभाग ने 11 से 16 सितंबर के बीच हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई थी। बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में सितंबर के महीने में जहां एक ओर मौसम विभाग के पूर्वानुमानों में लगातार बारिश बताई जा रही है, वहीं दूसरी ओर बीते दो दिनों में जून और जुलाई के महीने जैसी तेज धूप और उमस ने लोगों को परेशान कर दिया है। हालांकि, अब भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को दिल्ली-एनसीआर में बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और बढ़ते प्रदूषण स्तर पर भी रोक लगेगी। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 11 सितंबर को दिल्ली का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इस दिन आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है।

दक्षिण अफ्रीका, युगांडा और उरुग्वे से पहुंचे विदेशी मेहमान

## ब्रिक्स सम्मेलन : पुतिन समेत कई देशों के शीर्ष नेताओं का भव्य स्वागत

नई दिल्ली

एजेंसी

राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 12 और 13 सितंबर को आयोजित हो रहे 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए वैश्विक नेताओं का आगमन जारी है।

सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा और युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका अलुपो समेत 21 देशों के प्रतिनिधि और शीर्ष नेता नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। इस महासम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन सहित कई शीर्ष नेताओं के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच नई दिल्ली इस ऐतिहासिक वैश्विक महाकुंभ की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है।

राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 12 और 13 सितंबर को



आयोजित हो रहे 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए वैश्विक नेताओं का आगमन जारी है। सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा और युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका अलुपो समेत 21 देशों के प्रतिनिधि और शीर्ष नेता नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। इस महासम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन सहित कई शीर्ष नेताओं के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच नई दिल्ली इस ऐतिहासिक वैश्विक महाकुंभ की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है।

मंत्रालय ने बताया कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लंबे समय से मजबूत और दोस्ताना संबंध रहे हैं, जो हमारी रणनीतिक साझेदारी पर आधारित हैं। ब्रिक्स के साझेदार देशों के रूप में ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने और उनके विकास के लिए मिलकर काम करने की हमारी प्रतिबद्धता मजबूत और अटूट है।

## नई दिल्ली का मेकओवर: 15 हजार से अधिक गमलेदार पौधे

नई दिल्ली

एजेंसी

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान राजधानी में आने वाले विदेशी मेहमानों के सामने नई दिल्ली का नजारा बदल दिया है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने सम्मेलन से पहले अपने क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, गोलचक्करों, होटल परिसरों और सरकारी भवनों को फूलों, हरियाली और सजावटी रोशनी से संवारा है।

इस तरह नई दिल्ली में दिन के समय जहां फूलों और गमलेदार पौधों की सजावट दिखाई दे रही है, वहीं रात में प्रमुख मार्ग और गोलचक्कर रोशनी से जगमगाते नजर आ रहे। एनडीएमसी की योजना के तहत प्रमुख सड़कों, चौराहों, गोलचक्करों और महत्वपूर्ण स्थानों पर 15 हजार से अधिक गमलेदार पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा ब्रिक्स की थीम पर 15 पुष्प बोर्ड और नौ स्थानों पर पर पुष्प फव्वारे लगाए जाएंगे। इनकी स्थापना एयरपोर्ट और निर्धारित होटलों से भारत मंडपम तक आने-जाने वाले प्रमुख मार्गों पर की जा रही है। वहीं एनडीएमसी ने 17 प्रमुख गोलचक्करों पर पेड़ों, झाड़ियों और लैंडस्केप क्षेत्रों को अपलाइटर्स, एलईडी और स्ट्रिंग लाइटों से सजाया है। ब्रिक्स प्रतिनिधियों के ठहरने वाले प्रमुख होटल परिसरों के आसपास भी विशेष प्रकाश व्यवस्था की गई है। होटल परिसरों के आसपास पेड़ों और सड़क किनारे के हिस्सों को एलईडी स्ट्रिंग और अन्य सजावटी रोशनी से सजाया गया है। इसके अलावा परिषद के 10 प्रमुख भवनों और स्थलों को भी सजावटी रोशनी से सजाया गया है।



## एसआईआर में नाम कटने की अफवाह पर विराम, जांच के बाद होगा फैसला

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) के बीच मतदाता सूची से नाम कटने को लेकर चल रही चर्चाओं पर प्रशासन ने स्थिति साफ कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि डीएसई/पीएसई में किसी मतदाता की प्रविष्टि चिन्हित होने मात्र से उसका नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। पहले संबंधित प्रविष्टि का सत्यापन किया जाएगा और यह देखा जाएगा कि मामला वास्तव में एक ही व्यक्ति की दोहरी प्रविष्टि का है या अलग-अलग मतदाताओं का। तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में एस आई आर के तहत दावे-आपत्तियों के निस्तारण और अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की संशोधित समय-सारिणी की जानकारी दी गई। प्रशासन के मुताबिक प्रारूप-6, 7 और 8 से संबंधित दावे-आपत्तियों पर नोटिस और सुनवाई की प्रक्रिया अब 28 सितंबर तक जारी रहेगी। इसके बाद 3 अक्टूरबके अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित किए जाने का प्रस्ताव है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज पाया जाता है तो केवल इसी आधार पर तत्काल नाम नहीं हटाया जाएगा। संबंधित मतदाता के वर्तमान निवास, पहचान और अन्य विवरणों का सत्यापन किया जाएगा। जांच के बाद ही यह तय होगा कि प्रविष्टियां एक ही व्यक्ति की हैं अथवा अलग-अलग मतदाताओं की।

## कुमाऊं विवि में छात्र संघ चुनाव 29 सितंबर को

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध राजकीय महाविद्यालयों में 29 सितंबर (मंगलवार) को छात्र संघ चुनाव आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 1 अकटूबर (बीरवार) को विश्वविद्यालय छात्र महासंघ चुनाव संपन्न कराया जाएगा। कुमाऊं विवि के जन संपर्क अधिकारी प्रो.रितेश साह ने बताया कि इस बावत बीरवार को विवि के कुल सचिव प्रो.रजनीश पांडे की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह निर्णय कुमाऊं विश्वविद्यालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा तथा श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी की संयुक्त बैठक में लिए गए निर्णयों के उपरांत जारी किया जा रहा है।

## इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन द्वारा ससम रक्तदान शिविर का आयोजन दुर्गादत्त कपिलाश्रमी संस्कृत विद्यालय पीली कोठी मुखानी में किया गया।

बालकिशन देवकी देवी ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान सम्पन्न कराया। इस मौके पर अध्यक्ष गोविंद सिंह भाकुनी ने कहाँ कि हम सभी को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। हमारे रक्त से किसी की जान बचाई जा सकती है।रक्तदान करने से हम स्वयं भी स्वस्थ रहते और समाज में मानवता का संदेश जाता है। खबर लिखें जाने




तक 40 यूनिट रक्तदान हों चुका था। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव दीपक मेंलकानी, पूर्व अध्यक्ष मदन फरतयाल, नेत्र बल्लभ जोशी, पूरन लाल साह, अशोक अग्रवाल, गिरीश जोशी, ललित बिष्ट, नितिन बोरा, उम्मेद सिंह बिष्ट आदि ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक टीम में डॉ प्रकाश मेहता, संजय गोस्वामी, नीलम, श्रीवास मंडल, पंकज भट्ट, सतीश शामिल रहें। कार्यक्रम संयोजक हरीश रजवार ने सभी का आभार प्रकट किया।

# जलजनित रोगों की रोकथाम व शुद्ध पेयजल आपूर्ति के हेतु जल संस्थान एक्टिव मोड पर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

ज्योलिकोट परिक्षेत्र में जल जनित रोगों की रोकथाम एवं क्षेत्र में बीरवार को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के क्रम में उत्तराखण्ड जल संस्थान नैनीताल द्वारा जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशन में व्यापक कार्यवाही की गई।

अधिशासी अभियंता जल संस्थान नैनीताल ई पिल्लई द्वारा अवगत कराया गया कि समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में 4 विभागीय टैंकरों व पिकअप के माध्यम से ज्योलीकोट के रामलीला ग्राउण्ड, डांक बंगला, ज्योलीकोट मार्केट, बेलुवाखान के अमुवा तोक एवं गांजा तोक के 110 परिवारों में लगभग 15 हजार 500 ली0 शुद्ध पेयजल आपूर्ति की गयी।

ज्योलीकोट हेतु देवलदुंगा की 500 मी0 लाईन की फ्फलैशिंग की गयी एवं छीड़ा तोक की मुखय पेयजल लाईन को फ्फलैशिंग के उपरान्त टैंकर के माध्यम से पाईप लाईन से जोड़कर संबन्धित तोक में पेयजल आपूर्ति की गयी। पेयजल से संबन्धित विभिन्न स्तर पर प्राप्त 14 शिकायतों का निस्तारण' किया गया।अधीक्षण अभियन्ता जल संस्थान नैनीताल विशाल सकसेना व अधिशासी अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान नैनीताल तथा विभागीय टीम द्वारा ज्योलीकोट के रामलीला ग्राउण्ड, दुर्गापुर वीरभट्टी स्रोत से पेयजल के सैंपल एकत्र किये गये। सरियाताल वीरभट्टी की पुरानी पेयजल लाईन की जांच की गयी जिसमें संतोषजनक कलोरीनेशन पाया गया। वीरभट्टी के आसपास के जलपान गृहों को शुद्ध पेयजल के क्रम में जागरूक कर हाईपोलोराइड मुहैया कराया गया।



## स्कूल में पेयजल की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**नैनीताल** । ज्योलीकोट स्थित सेंट एंथोनीज कॉन्वेंट स्कूल में पेयजल की गुणवत्ता के संबंध में प्राप्त शिकायत एवं जल संस्थान द्वारा की गई जांच से प्राप्त तथ्यों का संज्ञान लेते हुए न्यायालय उप जिलाधिकारी/परगना मजिस्ट्रेट नैनीताल द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152(1) के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए निर्देश जारी किए गए हैं।

जांच के दौरान विद्यालय परिसर स्थित पानी की टंकियों में अस्वच्छ जल पाए जाने के दृष्टिगत उक्त जल के पेयजल के रूप में उपयोग एवं वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित पानी की टंकियों की समुचित सफाई एवं विसंक्रमण कराए जाने तथा जल के नमूने अधिकृत प्रयोगशाला में जांच हेतु प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों एवं कार्मिकों के लिए सुरक्षित एवं मानकयुक्त वैकल्पिक पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने तथा जल की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए जाने के उपरांत ही संबंधित जलस्रोत का पुनः पेयजल के रूप में उपयोग किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।उक्त निर्देशों का 13 सितंबर तक अनुपालन सुनिश्चित किए जाने तथा 14 सितंबर को अनुपालन आख्या न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण में जल की गुणवत्ता एवं जनस्वास्थ्य से संबंधित मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक निगरानी एवं अग्रिम कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

## स्वास्थ्य मंत्री ने दिये सख्त निर्देश

**नैनीताल** । जनपद नैनीताल के ज्योलिकोट व समीपवर्ती क्षेत्र व ग्रामों में दूपित पेयजल से बीमारी के प्रकोप एवं असामयिक मृत्यु के मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सुबोध उनियाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। मंत्री ने मुखय चिकित्सा अधिकारी नैनीताल को क्षेत्र में गहन सर्वेक्षण कर जल जनित बीमारियों से प्रभावित व बीमार व्यक्तियों की जानकारी संकलन का निर्देश दिया गया है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रध्ग्रामों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर ऐसे प्रभावित व्यक्तियों तक चिकित्सा.परीक्षण एवं उपचार की सभी सुविधाएँ पहुँचाये जाने के निर्देश दिए हैं ।



## डीएसबी परिसर के हिमालय संग्रहालय में प्रदर्शनी शुरु

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के हिमालय संग्रहालय में पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जयंती के मौके पर पंत जी के छायाचित्रों व उनके पत्रों की प्रदर्शनी की शुभारंभ हो गया। इस प्रदर्शनी में पं0 गोविन्द बल्लभ पंत के जीवनी से जुड़े छायाचित्रों के माध्यम से प0ंडित पन्त के व्यक्तित्व व कृतित्व के महत्वपूर्ण आयामों पर प्रकाश डाला जा रहा है।

संग्रहालय में रखे पंडित पंत के पत्रों व छायाचित्रों का आज दर्जनों विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा शोधार्थियों के साथ ही आगन्तुकों ने अवलोकन किया साथ ही आगन्तुकों का कहना है कि यहां पर रखे 0 गोविन्द बल्लभ पन्त के पत्रों के साथ ही छायाचित्र अति दुर्लभ व महत्वपूर्ण होने के साथ ही सग्रहालय में रखी अन्य सामग्री भी हमारे इतिहास को जानने का महत्वपूर्ण साधन है।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग प्रो0 संजय घिल्डियाल, संग्रहालय प्रभारी प्रो0 सावित्री कैड़ा जन्तवाल समेत प्रो0 संजय कुमार टमटा, प्रो0 रीतेश साह, डा0 शिवानी रावत, डा0 मनोज बाफि ला, डा0 पूरन सिंह अधिकारी, डा0 भुवन चन्द्र शर्मा, डा0 हरदयाल सिंह जलाल, डा0 विरेन्द्र पाल, डा0 शिवराज सिंह कपकोटी, अनूप कुमार तथा भुवन पाठक आदि लोग उपस्थित थे।

## शिवांगी शाह बनी रोटरी क्लब नैनीताल की अध्यक्ष, विनोद दुआ बने सचिव

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

रोटरी क्लब नैनीताल की 75वीं इंस्टॉलेशन सभा के दौरान स्थानीय बोट हाउस क्लब में आयोजित भव्य समारोह के दौरान रोटेरियन शैलेंद्र शाह ने अध्यक्ष शिवांगी शाह को कॉलर पहना कर रोटरी कलब नैनीताल का अध्यक्ष का पदभार विधिवत सौंपा साथ ही सचिव बने रो. विनोद दुआ को भी।

समारोह में रोटरी कलब नैनीताल की नई कार्यकारिणी का गठन मुखय अतिथि डिस्ट्रिट 31100 के डिस्ट्रिट गवर्नर रो.जसबीर सिंह भाटिया, सीडीएस गौरव जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष जैन की उपस्थिति में किया गया । इस समारोह के उपलक्ष्य में 12 नए सदस्यों को रोटरी कलब की सदस्यता रोटरी पिन लगा कर कराई गई साथ ही विभिन्न विद्यालयों से चयनित 17 तेजस्वी अध्यापिकाओं और अध्यापकों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के आधार पर प्रशस्ति पत्र से समानित किया गया । समारोह में रोटरी के मंडल 3110 के शीर्ष युवा वर्ग इंट्रैक्टर्स को भी सममानित किया गया, समारोह में रोटरी कलब के सदस्य विक्रम सियाल, सुमित खन्ना, मनोज लांबा, बबीता जैन, यतींद्र सूरी, योगेश शाह, शैलेंद्र शाह, सैयद काशिफ जाफ री, जितेंद्र शाह, जे के शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, साक्षी दुआ, ऋषि दुआ, प्रणय टुटेजा, विजय विग, अनित शाह ,अध्यक्ष शिवांगी शाह, सचिव विनोद दुआ, मुखय अतिथि डिस्ट्रिट गवर्नर जसबीर सिंह भाटिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष जैन, गौरव जैन, गुलनवाज लहरी आदि उपस्थित रहे ।



## जलजनित रोगों पर सीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

ज्योलिकोट क्षेत्र में जल जनित रोगों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। वर्तमान में सीएमओ डॉ. रश्मि पंत के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी तथा घर -घर सर्वे और स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। बीरवार को ज्योलीकोट में 105 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 72 बलड सैंपल लिए गए।

सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए सचल चिकित्सा वाहन तैनात किया गया है। वाहन के माध्यम से लोगों को घर के नजदीक स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक जांच, दवाएं और चिकित्सकीय परामर्श मुहैया कराया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट की ओपीडी पर्ची भी निशुल्क कर दी गई है। बताया कि अगर आयुष्मान के तहत पैनल्ड अस्पतालों में इलाज में परेशानी हो तो सीधे सीएमओ (उनसे) से संपर्क करें। प्रशासन की निगरानी में गांजा, वीरभट्टी, बेलवाखान,



सरियाताल व ज्योलीकोट और भल्यूटी.चोपड़ा में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। इन शिविरों में कुल 380 लोगों की जांच की गई। स्वास्थ्य टीमों ने लोगों को दवाएं, ओआरएस, जिंक और कलोरीन की गोलियां वितरित कीं साथ ही जल जनित रोगों से बचाव के उपाय बताए गए।

सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और स्वास्थ्य टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेए जांच और दवाओं का वितरण लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा के तहत बीरवार को नीलकंठ हॉस्पिटल की डॉ. मेघा रखोलिया और डॉ. सलीम ने पीएचसी ज्योलिकोट में मरीजों की जांच की। शुक्रवार (आज) को बृजलाल हॉस्पिटल हल्द्वानी की गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. श्रेया नेगी और साईं हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहन सती ओपीडी करेंगे। सीएमओ ने लोगों से पानी उबालकर पीने और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील की। आयुष्मान योजना के तहत पैनल्ड अस्पताल में उपचार के दौरान परेशानी होने पर सीधे सीएमओ से संपर्क करने को कहा गया है।

## NEWS / फटाफट

### पीलिया के मामलों में आई कमी, संख्या घटने से राहत

**नैनीताल** । पीलिया के बढ़ते मामलों के बीच अब राहत की खबर सामने आई है। नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में पीलिया के नए मरीजों की संखया में कमी आई है। बीरवार को अस्पताल में पीलिया से पीड़ित केवल एक नए मरीज को भर्ती किया गया। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों की कुल संखया 11 हो गई है। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि पिछले दिनों की तुलना में पीलिया के नए मामलों में कमी देखने को मिल रही है। अस्पताल में वर्तमान में 11 मरीज उपचाराधीन हैं। मरीजों की संखया में लगातार हो रही कमी को स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय लोगों के लिए राहत भरा संकेत माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों को अभी भी सतर्कता बरतने की जरूरत है। स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल का इस्तेमाल करने के साथ भोजन और व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखना जरूरी है। पीलिया के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की भी अपील की गई है।

### घर पर फिसलकर गिरा युवक, सिर पर लगी चोट

**नैनीताल** । नगर के समीपवर्ती पंगोट क्षेत्र में घर पर काम करने के दौरान फिसलकर गिरने से एक युवक के सिर में चोट लग गई। परिजन उसे उपचार के लिए बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने सिर में टांके लगाए। उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार पंगोट निवासी पवन बीरवार को घर पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गिर गया। हादसे में उसके सिर पर चोट लग गई और खून बहने लगा। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक के सिर की चोट पर टांके लगाए और आवश्यक उपचार किया। अस्पताल की प्रभारी पीएमएस डॉ. द्रौपदी गर्बियाल ने बताया कि उपचार के बाद युवक की हालत सामान्य होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### शराब के नशे में घायल युवक सड़क पर पड़ा मिला

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में एक युवक को घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने उसे मृत समझ लियाए लेकिन हिलाने पर युवक के नशे में होने की जानकारी हुई। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली और पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसारए मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में बीरवार को एक युवक शराब के नशे में घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा मिला। सड़क पर युवक को अचेत हालत में पड़ा देखकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ देर तक युवक में कोई हलचल नहीं होने पर लोगों को उसके साथ अनहोनी की आशंका हुई। लोगों ने युवक को हिलाकर देखा तो वह नशे में था और घायल भी था। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को उपचार के लिए बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। पूछताछ में घायल की पहचान हाईकोर्ट क्षेत्र निवासी रवि कुमार के रूप में हुई। प्रभारी पीएमएस डॉ. द्रौपदी गर्बियाल ने बताया कि युवक को उपचार दिया गया। हालत सामान्य होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं कोतवाल राजेंद्र रावत ने बताया कि युवक नशे की हालत में गिरने से चोटिल हुआ था।

### खेलते समय दरवाजे से टकराई छात्रा, जबड़े में लगी चोट

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल स्थित एक स्कूल में खेलने के दौरान अचानक दरवाजे से टकराने पर छात्रा के चेहरे और जबड़े में चोट लग गई। स्कूल स्टाफ ने उसे तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के बाद छात्रा को छुट्टी दे दी गई। बता दें बीरवार को खुर्पाताल क्षेत्र निवासी जिज्ञासा मल्लीताल स्थित अपने स्कूल में खेलने के दौरान दरवाजे से टकराकर घायल हो गई। बताया गया कि खेलते समय अचानक दरवाजे पर उसका चेहरा टकरा गयाए जिससे उसके जबड़े में चोट आई। खून बहने से छात्रा होश खो बैठी। हादसे के बाद स्कूल स्टाफ ने छात्रा को तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। मामले में डॉ. साहिल ने बताया कि छात्रा के जबड़े में चोट लगी थी। उपचार के बाद उसकी हालत सामान्य होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## अभिमत

# एक मत नहीं

*किसी देश, धर्म और समुदाय विशेष की जनसंख्या को लेकर समाजशास्त्री अलग-अलग दृष्टिकोण से देखते रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के भारत की जनसंख्या नीति पर बयान से नई बहस छिड़ गई है। संघ प्रमुख ने कहा कि देश में अब तक चला आ रहा 'हम दो, हमारे दो' नहीं, बल्कि इसकी जगह 'हम दो, हमारे तीन' की नीति होनी चाहिए। भारतीय दंपति तीन बच्चे पैदा करें। दुनियाभर के विभिन्न शास्त्रों में उल्लेख है कि जिन समुदायों में जन्म दर तीन से कम होती है, वे धीरे-धीरे लुप्त हो जाते हैं। संघ प्रमुख के इस विचार को अधिकतर लोगों ने देशहित में माना है।*

आबादी घटने और बढ़ने का क्रम हमेशा जारी रहा है। किसी देश, धर्म और समुदाय विशेष की जनसंख्या को लेकर समाजशास्त्री अलग-अलग दृष्टिकोण से देखते रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के भारत की जनसंख्या नीति पर बयान से नई बहस छिड़ गई है। संघ प्रमुख ने कहा कि देश में अब तक चला आ रहा 'हम दो, हमारे दो' नहीं, बल्कि इसकी जगह 'हम दो, हमारे तीन' की नीति होनी चाहिए। भारतीय दंपति तीन बच्चे पैदा करें। दुनियाभर के विभिन्न शास्त्रों में उल्लेख है कि जिन समुदायों में जन्म दर तीन से कम होती है, वे धीरे-धीरे लुप्त हो जाते हैं। संघ प्रमुख के इस विचार को अधिकतर लोगों ने देशहित में माना है। चिकित्सकों का मत है कि विवाह में बहुत देर न करने और तीन संतान होने से माता-पिता और संतान का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। बच्चे आपस में पारिवारिक प्रबंधन सीख जाते हैं, सामंजस्य होने से विवाद नहीं होते हैं। भारत में जन्म दर कम होती जा रही है। विशेष रूप से हिन्दुओं की जन्म दर बहुत कम है। वर्ष 1951 की जनगणना में हिन्दुओं की हिस्सेदारी कुल आबादी में 84 प्रतिशत से अधिक थी। वर्ष 2011 में 80 प्रतिशत से कम रह गई। वहीं देश की आबादी चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में सर्वाधिक 144 करोड़ से अधिक हो गई। आबादी बढ़ने का कारण समुदाय विशेष द्वारा अधिक से अधिक बच्चे पैदा करना रहा और उन्होंने परिवार नियोजन की नीति का पालन नहीं किया। हिन्दू परिवार एकल होते जा रहे हैं। एकल परिवार में शिक्षा, रहन-सहन के स्तर में संतुलन बनाये रखना कठिन हो रहा है। इन परिस्थितियों में संघ प्रमुख का यह कहना सही है कि अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो सकता है। संघ प्रमुख के मत से सहमत नहीं होने वाले इसे गैर-जिम्मेदाराना और अंधविश्वास मान रहे हैं। कुछ अर्थशास्त्री अधिक आबादी को अर्थव्यवस्था पर बोझ मानते हैं। अधिक आबादी को नकारात्मक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। हर व्यक्ति में खाने के लिए एक मुंह होता है, परन्तु कमाने के लिए दो हाथ होते हैं। दो साल पहले तक दुनिया की सबसे अधिक आबादी चीन की थी। चीन ने आबादी के साथ श्रम को बढ़ावा दिया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार देकर विश्व की महाशक्ति अमेरिका को हर क्षेत्र में टक्कर दी। भारत को भी श्रम को बढ़ावा देकर महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ाने होंगे।

# युवा सामर्थ्य को मिल रही नई दिशा और नए अवसरः नितिन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में सहभागिता कर युवाओं से संवाद किया। इस दौरान करियर, रोजगार, उद्यमिता, कौशल विकास, तकनीक, खेल और उत्तराखंड के भविष्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।संवाद के दौरान युवाओं ने प्रदेश एवं देश के विकास से जुड़े विषयों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री से सवाल पूछे। युवाओं ने सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर अपने अनुभव साझा किए तथा रोजगार, स्वरोजगार और प्रदेश में बेहतर अवसरों की उपलब्धता को लेकर सुझाव भी रखे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की युवा शक्ति के सामर्थ्य को नई दिशा देने के साथ ही युवाओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और खेलो इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं को अपनी प्रतिभा, क्षमता और कौशल के अनुरूप आगे बढ़ने का मंच दिया है। आज का युवा केवल रोजगार प्राप्त करने वाला नहीं, बल्कि रोजगार और नए अवसरों का सृजन करने वाला भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि बदलती अर्थव्यवस्था और तकनीक के दौर में युवाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप, नवाचार, डिजिटल तकनीक और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में संभावनाओं के नए द्वार खुले हैं। उत्तराखंड के युवा प्रतिभा और क्षमता से भरपूर हैं। उनकी ऊर्जा और सामर्थ्य को प्रदेश के विकास से जोड़कर उत्तराखंड को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। भारत की विशाल युवा आबादी आज देश को नई ऊर्जा, नई सोच और नया सामर्थ्य प्रदान कर रही है। तकनीक और नवाचार के बढ़ते उपयोग से युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार खुले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 जुलाई 2021 को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद हमारी सरकार ने इस संकल्प के साथ काम किया कि पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी, दोनों उत्तराखंड के काम आएं। इसी दिशा में सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया गया और अब तक करीब 34 हजार युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति दी जा चुकी है। भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए नकल माफियाओं को जेल भेजा गया और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर सख्त शिकंजा कसा गया। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, कौशल विकास, होम स्टे और मुख्यमंत्री उद्यमान खिलाड़ी योजना सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यक्रम

**नैनीताल।** डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल एवं राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज नैनीताल में विद्यालयी स्तर पर नशामुक्ति जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन श्री बीण् पाण्डेय महानिदेशक डॉ आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा नशे की रोकथाम एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था।कार्यक्रम में पाठ्यक्रम निदेशक सुश्री रागिनी तिवारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं सीण्जीण्जीए अकादमी द्वारा एनआईएसडी के सहयोग से किए जा रहे नशा.निवारण संबंधी प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने सीओटीपी अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया।

## नितिन नवीन बोले-बूथ कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड प्रवास के अंतर्गत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नैनीताल की लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-17 पर भजापा के बूथ अध्यक्ष राकेश चन्द्र आर्य के आवास पर जलपान किया।

उन्होंने परिवार के प्रत्येक सदस्य से आत्मीय भेंट कर उनकी कुशल क्षेम जानी।बूथ अध्यक्ष श्री राकेश चन्द्र आर्य में पुष्प गच्छ भेंट कर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत किया। नितिन नवीन ने कहा की यह आत्मीय क्षण भाजपा की मजबूत संगठनात्मक संरचना और कार्यकर्ता-आधारित कार्यसंस्कृति का जीवंत उदाहरण हैं। एक ही स्थान पर बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति ने संगठन की पूरी श्रृंखला को एक सूत्र में जोड़ दिया। यही भाजपा की शक्ति है, जहां राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर बूथ स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता एक परिवार की भावना से राष्ट्रसेवा और संगठन की मजबूती के लिए समर्पित होकर कार्य करता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट , कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैडा, विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट , प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल , जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट , मंडल अध्यक्ष विजय रोहित दुमका , पूर्व विधायक नवीन दुमका सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## शिल्पकार सभा के अध्यक्ष डा.रमेश चंद्रा को मिला सम्मान

**नैनीताल ।** पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जन्म दिवस समारोह समिति नैनीताल द्वारा भारत रत्न, महान स्वतंत्रता सेनानी तथा कुशल प्रशासक एवं समाज सुधारक पं. गोविन्द बल्लभ पंत की 139वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में शिल्पकार सभा नैनीताल के अध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्रा को विशेष रूप से तथा शिल्पकार सभा नैनीताल को उसके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं समाजहित में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। दूसरी ओर इस सम्मान के लिए शिल्पकार सभा नैनीताल ने आयोजक मंडल के प्रमुख संयोजक पूरन सिंह महरा एवं संयोजक गोपाल सिंह रावत सहित समस्त आयोजन समिति का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, महामंत्री राजेश लाल, मंत्री अनिल गोरखा, कोषाध्यक्ष कैलाश आगरकोटी, लेखापरीक्षक संजय कुमार, इंदर कुमार तथा के एल आर्य आदि उपस्थित रहे।

## फिल्मी दुनिया

# सिंगर केनिशा के साथ सहयोग के बाद आई पोस्ट



*हाल ही में रवि मोहन ने केनिशा के साथ एक सहयोग का एलान किया है। इस बीच आरती के एक पोस्ट ने हंगामा मचा दिया है। माना जा रहा है कि यह पोस्ट रवि को लेकर है।*

*अभिनेता रवि मोहन की पत्नी आरती रवि की नई पोस्ट ने एक बार फिर सोशल मीडिया को सोचने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि आरती ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, मगर यूजर्स को लगता है कि यह पोस्ट उनके पति के लिए है। यह पोस्ट उस दिलचस्प समय पर की गई है, जब रवि ने गायिका केनिशा फ्रांसिस के साथ एक नए सहयोग की घोषणा की है। आरती ने लिखा कि उनकी जिंदगी में जो शख्स आया उसने इतना शानदार प्रदर्शन किया कि सूर्या, अजित, विक्रम और कमल हासन भी पीछे रह जाएंगे। उनकी पंचलाइन? वह अभिनय ऑस्कर के हकदार थे। पोस्ट में रवि का नाम कहीं नहीं था, मगर उनके फॉलोवर्स ने अंदाजा लगाया कि यह रवि मोहन पर तंज था। यह पोस्ट रवि और गायिका केनिशा फ्रांसिस के बीच ताजा चर्चा के बीच आई है। इस सप्ताह की शुरुआत में रवि मोहन स्टूडियोज ने रवि के निर्देशन में बनी पहली फिल्म एन ऑर्डिनरी मैन के संगीतकार के रूप में केनिशा की घोषणा की। प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें एक पोस्टर के साथ पेश किया जिसमें लिखा था, %अ केनेशा म्यूजिकल से आपका परिचय करा रहे हैं।*

### दोनों ने की रिश्ते पर बात

*पिछले साल रवि और आरती के अलग होने के बाद से, दोनों ने सोशल मीडिया पर अपनी-अपनी बातें रखी हैं। आरती अपनी पोस्ट में बना किसी का नाम लिए तंज करती हैं। हालांकि रवि ने पिछले दिनों भावनात्मक असर और आरती के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की है। रवि ने यह एलान केनिशा से अलग होने के कई महीनों के बाद किया है। केनीशा एन ऑर्डिनरी मैन के लिए संगीत तैयार करेंगी, जिसमें हास्य अभिनेता योगी बाबू हैं और यह निर्देशक के रूप में रवि की पहली फिल्म है।*

# पवन चौहान को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में मिली जिम्मेदारी

**लालकुआं**

हमारे संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां तय करते हुए लालकुआं नगर के पूर्व चेयरमैन पवन चौहान को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया।

पवन चौहान लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़े हुए हैं। सक्रिय राजनीति के साथ ही वह क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों में भी भागीदारी करते रहे हैं। संगठन में उनकी सक्रियता और अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश कार्यसमिति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।

तीसरी बार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर पवन चौहान ने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का वह पूरी निष्ठा से प्रयास करेंगे। पार्टी संगठन को और मजबूत करने के साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य किया जाएगा।

उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि पवन चौहान के अनुभव और सक्रियता का लाभ संगठन को मिलेगा तथा क्षेत्र में पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकताः रामपाल

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

9वें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के तहत विवेक नगर ट्रांजिट कैंप के वार्ड 2 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 9 में कार्यक्रम आयोजित कर 17 धात्री महिलाओं को महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के राज्यमंत्री एवं पूर्व मेयर रामपाल सिंह रहे। उन्होंने लाभार्थी महिलाओं को महालक्ष्मी किट प्रदान करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु ही स्वस्थ समाज की मजबूत नींव होते




हैं। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य और देखभाल को लेकर सरकार लगातार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। महालक्ष्मी किट योजना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य प्रसव के बाद माताओं और नवजात शिशुओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर संपर्क कर गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छोटे बच्चों को उचित पोषण, नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही हैं। रामपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में पोषण को लेकर व्यापक जनजागरूकता पैदा करना है। कुपोषण को समाप्त करने के लिए सरकारी प्रयासों के साथ परिवार और समाज की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रोनोति विश्वास ने बताया कि पोषण पखवाड़े के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों को पोषण, स्वच्छता, स्तनपान, टीकाकरण एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धात्री महिलाओं को बच्चे के जन्म के बाद अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मां का दूध नवजात शिशु के लिए संपूर्ण आहार है और जन्म के शुरुआती महीनों में स्तनपान बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने महिलाओं से पोषण संबंधी सलाह का पालन करने और बच्चों की नियमित जांच तथा टीकाकरण सुनिश्चित कराने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी महिलाओं ने महालक्ष्मी किट मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर राजेन्द्र राठौर, भुवन गुप्ता,सहायिका चम्पा सरकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### पुलिस ने नाबालिग के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने में चार आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़के के साथ मारपीट और उसे जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब 9 बजे गांधी कॉलोनी मोड़ एक दुकान के पास एक नाबालिग समेत उसके दोस्त के साथ कुछ युवकों ने गाली गलौज करते हुए उसे बेल्ट, धारदार हथियार हमला किया। उक्त युवकों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।बाजार पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने हमला करने में शामिल चार युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को महापौर ने भेंट किया त्रिशूल

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के रुद्रपुर आगमन पर गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर में जगह-जगह स्वागत स्टॉल लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

त्रिशूल चौक पर महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा के साथ नितिन नबीन का भव्य स्वागत किया। इस दौरान महापौर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सम्मान स्वरूप त्रिशूल भेंट किया। गुरुवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला त्रिशूल चौक पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी उनका स्वागत किया। कुछ मिनटों के लिए उनका काफिला यहां रुका। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी उनके साथ मौजूद रहे।



महापौर विकास शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का स्वागत करते हुए उन्हें त्रिशूल भेंट किया। त्रिशूल चौक पर नगर निगम की ओर से स्थापित विशाल एवं आकर्षक त्रिशूल ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का ध्यान खींचा। नितिन नबीन ने त्रिशूल की भव्यता की सराहना की और शहर के प्रमुख चौराहे को इस तरह आकर्षक स्वरूप दिए जाने की प्रशंसा की। नितिन नबीन ने भी हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। कुछ देर रुकने के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला आयोजित पंजाबी गौरव सम्मेलन में पहुंचे। त्रिशूल चौक पर स्वागत करने वालों में महापौर के अलावा नगर निगम के पार्षद, पवन राणा, बीनू, किच्छा पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, विवेक रावत,ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम,जितेंद्र गौतम,आशीष यादव, छाया शर्मा, हारजीत राठी,गोविंद शर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर विधायक शिव अरोरा ने भी समर्थकों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत कर अभिनंदन किया।

# लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल ने जीता नॉर्थ इंडिया स्कूल मेरिट अवॉर्ड

नैनीताल
हमारे संवाददाता

लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल को में एजूकेश टूडे द्वारा किए गए व्यापक सर्वेक्षण एवं मूल्यांकन के बाद नॉर्थ इंडिया स्कूल मेरिट अवॉर्ड्स 2026 में हाई हैप्पीनेस क्वोशिएंट स्कूल्स श्रेणी के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ स्कूल के सममान से नवाजा गया। यह पुरस्कार शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार तथा समग्र विकास और आनंदमय सीखने के वातावरण के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को मान्यता देता है।

प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी ने द वेस्टिन गुड?ांव में आयोजित नॉर्थ एजुकेटर्स समिट एवं नॉर्थ इंडिया स्कूल मेरिट अवॉड्र्स 2026 समारोह में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी ने इस उल्लेखनीय कामयाबी के लिए शिक्षकों, स्टाफ तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी तथा इसे संपूर्ण लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल परिवार की सामूहिक सफलता बताया। यह सममान विद्यालय की उत्कृष्टता और आनंदमय शिक्षा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



# ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी भीमताल में पंचायती राज अधिकारियों के लिए एआई कार्यशाला

भीमताल
हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में उत्तराखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के लिए इंजीनियरिंग, एआई टूल्स एंड एप्लीकेशंस विषय पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में 40 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा सैद्धांतिक जानकारी के साथ हैंड्स.ऑन अभयास भी कराया जा रहा है। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को सरकारी एवं प्रशासनिक कार्यों में एआई टूल्स के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है।भीमताल परिसर के निदेशक ने शासन एवं प्रशासन में एआई की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए जैसे टूल्स तेजी से पेशेवर कार्यप्रणाली का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई साक्षरता वर्तमान समय में एक महत्वपूर्ण कार्यस्थलीय कौशल बन चुकी है।उन्होंने कहा कि जनरेटिव एआई का प्रभावी उपयोग केवल एआई टूल्स को संचालित करने तक सीमित नहीं हैए बल्कि इसके लिए सही प्रश्न पूछनाए सटीक प्रॉम्प्ट तैयार करना और आवश्यक संदर्भ मुहैया कराना भी जरूरी है। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न एआई टूल्स का प्रयोग करने और अपने नियमित प्रशासनिक कार्यों में इनके व्यावहारिक उपयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए प्रेरित कियाए जिससे कार्यकुशलता तथा उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सके।

इस अवसर पर उन्होंने ग्राफिक एरा के संस्थापक प्रो.डा. कमल घनशाला के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना केवल क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण मुहैया कराने के उद्देश्य से नहीं की बल्कि सरकारी तंत्र को मजबूत करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु इस प्रकार की क्षमता निर्माण कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी प्रोत्साहित किया है। उन्होंने प्रतिभागियों से विश्वविद्यालय की सुविधाओं एवं सीखने के वातावरण का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यशाला के आयोजन एवं समन्वय में डॉ. श्याम एस. कपरी एसोसिएट प्रोफेसर एवं असिस्टेंट डीन ;ट्रेनिंग एंड प्रोजेक्ट्स के प्रयासों की सराहना की गई। कार्यशाला के सुचारू संचालन में प्रो. संदीप बुधानी विभागाध्यक्ष, डीसीएए तथा श्री गोविंद जेठीए को.कन्वीनर्सए का भी निरंतर सहयोग एवं समन्वय रहा।तकनीकी सत्रों की शुरुआत भीमताल परिसर के निदेशक द्वारा रिसोर्स पर्सन के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसए जनरेटिव एआई और प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग पर सत्र से हुई। इसमें सरकारी एवं प्रशासनिक कार्यों में एआई के व्यावहारिक उपयोग और प्रभावी प्रॉम्प्ट तैयार करने की मूलभूत तकनीकों पर जानकारी दी गई।

### पुलिस टीम ने रोडवेज के अंदर से भारी मात्रा में गांजा समेत तस्कर को दबोचा

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस ने चैंकिंग के दौरान एक रोडवेज बस स्टैंड से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार देर रात बाजार पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार टीम के साथ गश्त कर रहे थे।

# महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लें युवाःडा.हरीश बिष्ट

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकास खंड के बलाक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट ने बीरवार को नौकुचियाताल में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती के पावन अवसर पर

श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने सभी से विशेषकर युवाओं से महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्रमुख ने कहा देश की स्वतंत्रता और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुखयमंत्री के रूप में समाज निर्माण में पंत जी के अमूल्य योगदान रहा।कार्यक्रम का शुभारभ दीप प्रज्वलित कर बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, विद्यालय के बच्चो से अच्छा मार्ग पकडने व नशे से दूर रहने को कहा। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों तथा मातृ शक्ति तथा प्रतिभाशाली नौनिहाल बच्चों को सममानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल, ग्राम प्रधान राधा कुल्याल, हेमा आर्य, सभासद रामपाल गंगोला, हेमा दुमका, राकेश बृजवासी, नितेश बिष्ट, अजय जंतवाल, संयोजक रवींद्र कर्नाटक, अध्यक्ष दुर्गा दत्त पलड़िया, जमुना दत्त भट्ट, पूरन भट्ट, नवीन कवीरा, ईश्वरी दत्त, विशन पोखरिया, संजय कुमार, नवीन पलड़िया, समीर, धीरू जीना, प्रधानाचार्य रामस्वरूप सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व विद्यालय के छात्र छात्राएं व अध्यापक मौजूद रहे।

# नैनीताल में धूमधाम से मनायी गयी गोविंद बल्लभ पंत जयंती

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल में बीरवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 139वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी।

बता दें पंडित गोविंद बल्लभ पंत जन्म दिवस समारोह समिति की ओर से पंत पार्क के पास भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत मुखय अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत पंडित पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि से हुई। विद्यालयी छात्र.छात्राओं ने बैंड प्रस्तुति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पंत के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। समारोह में नशामुक्ति अभियान के तहत उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। पंत जी के आजादी के आंदोलन में भाग लेने के दौरान के



चित्रों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी साथ ही नशा छोड़ो दूध पियो कार्यक्रम भी आयोजित किया गया और लोगों को गर्म दूध पिलाया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉण् रावत ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना सामूहिक जिमेदारी है। शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कारों के माध्यम से युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देकर सशक्त उत्तराखंड का निर्माण किया जा सकता है। विधायक सरिता आर्या ने पंत के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए युवाओं से शिक्षाए संस्कार और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर जहांगीर राजू संपादक हिंदुस्तान, अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र पांडे रवि, प्रो.गिरीश रंजन तिवारी, शिल्पकार सभा के अध्यक्ष डा.रमेश चंद्रा, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, दीपक बर्गली, भावना कांडपाल, डा.नेहा साह,चंद्रशेखर जोशी, को अंगवस्त्र व शाल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सममानित किया गया। इस मौके पर निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। आयोजन में मुखय संयोजक पूरन मेहरा, संयोजक गोपाल रावत, भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, राज्य सरकार में दायित्वधारी शांति मेहरा, महिला आयोग की सदस्य विमला अधिकारी, मनोज जोशी,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.सरस्वती खेतवाल, पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र पाल, पूर्व विधायक डॉ.नारायण सिंह जंतवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम नारायण व संजय कुमार समेत विक्रम राठौर, मनोज साह, चंद्रशेखर रावत, ललिता दफ ौटी, सपना बिष्ट, गजाला कमाल, मनोज जगाती, भगवत रावत, पूरन बिष्ट आदि सभासद मनोज पवार, आनंद बिष्ट, भारत सिंह मेहरा, कमल जोशी तथा हरीश सिंह राणा व निखिल बिष्ट और भूपेंद्र बिष्ट सहित बड़ी संखया में लोग मौजूद रहे।